तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 31.6° | 15.8° |
| इंदौर | 32.6° | 18.1° |
| जबलपुर | 31.0° | 17.2° |
| ग्वालियर | 31.6° | 18.2° |

# दैनिक नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 340,पृष्ठ 12)
शुक्रवार 8 नवम्बर 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये



**राजधानी...** कांग्रेस फुस्सी बम, कितनी भी आग लगाओ फटेगा...


**खेल...** केसी कार्टी ने रचा इतिहास, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड...


**व्यापार...** घरेलू सर्राफा बाजार में बढ़ी सोने की चमक, चांदी में...


**देश-विदेश...** ट्रंप का एक अच्छा दोस्त पाकिस्तान जेल में है...

www.naiduniaonline.com

### जम्मू-कश्मीर के लोगों संग धोखा...

# विधानसभा में विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर हंगामा, एनसी पर भड़की बीजेपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर में विपक्षी भाजपा ने गुरुवार को कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस ने विधानसभा की अखंडता से समझौता किया है और देश की संसद के एक फैसले पर सवाल उठाने वाला प्रस्ताव लाकर लोकतंत्र का मजाक बनाया है।**



रामनगर से भाजपा विधायक आर एस पठानिया ने विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर हंगामे के बाद विधानसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद यहां संवाददाताओं से कहा कि यह एक धोखा है, एक नाटक है जो जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ किया गया है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि विशेष दर्जे जैसी कोई चीज नहीं है। यह इतना ही सरल है। पुनर्गठन अधिनियम के तहत यह विधानसभा एक क़ानून है, जो संसद और सुप्रीम कोर्ट पर सवाल नहीं उठा सकती। इसका कोई सवाल ही नहीं है। पठानिया ने कहा कि बुधवार को विधानसभा द्वारा ध्वनिमत से पारित किया गया प्रस्ताव कागज़ का एक टुकड़ा, रद्दी का एक टुकड़ा है और यदि कोई चपरासी या क्लर्क भी इसे प्राप्त कर ले तो वह इसे कूड़ेदान में फेंक देगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने (एनसी) सदन की अखंडता से समझौता किया है। उन्होंने संसदीय लोकतंत्र का मजाक बना दिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और जम्मू-कश्मीर के लोगों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उनकी पोल खुल गई है। यह (प्रस्ताव) जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ बहुत बड़ा मजाक है। उपमुख्यमंत्री सुरेन्द्र चौधरी और मंत्री सतीश शर्मा, जो दोनों जम्मू से हैं, का जिक्र करते हुए पठानिया ने कहा कि जम्मू से कुछ जयचंद हैं, लेकिन अब उनका पर्दाफाश हो गया है। विधायक ने कहा कि लोगों को समझ आ गया है कि उन्होंने क्या किया है। उन्होंने पाकिस्तान समर्थक और अलगाववादी विचारधारा के आगे घुटने टेक दिए हैं। यह विचारधारा धोखाधड़ी है और इसका कोई कानूनी या संवैधानिक आधार नहीं है। इस विचारधारा के कारण सुरक्षा बलों के जवानों और नागरिकों की हत्याएं हुई हैं। जयचंद 12वीं शताब्दी में कन्नौज का राजा था, जिसे कुछ ऐतिहासिक विवरणों में भारतीय हित के प्रति विश्वासघाती बताया गया है। भाजपा के एक अन्य विधायक शामलाल शर्मा ने कहा कि पार्टी संसद द्वारा सुलझाए गए मुद्दे पर विधानसभा में प्रस्ताव को अवैध रूप से पारित नहीं होने देगी। इसका कोई सवाल ही नहीं उठता। विधानसभा में भाजपा विधायकों और मार्शलों के बीच हुई मारपीट पर उन्होंने कहा कि इसका दोष विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर पर है। उन्होंने कहा कि सदस्यों को विधानसभा के अंदर इस तरह के पोस्टर लाने का अधिकार नहीं है। हम जानना चाहते हैं कि स्पीकर ने इसकी अनुमति कैसे दी? सुरक्षा जांच कहां थी? जम्मू-कश्मीर में आज स्थिति ऐसी है कि अगर किसी सदस्य पर कोई संदेह है, तो उसकी तलाशी ली जानी चाहिए, वह कुछ भी अंदर ला सकता है। उन्होंने कहा कि यह वहीं से शुरू हुआ, इसलिए दोष अध्यक्ष का है। बैनर उनसे छीन लिया जाना चाहिए था। उन्हें भाजपा के सदस्यों की तरह बाहर निकाल दिया जाना चाहिए था। भाजपा विधायक लंगेट से अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक शेख खुर्शीद का जिक्र कर रहे थे, जो अनुच्छेद 370 और 35ए को बहाल करो लिखे बैनर के साथ सदन के वेल में कूद गए थे। उन्होंने कहा कि एनसी विशेष दर्जे की बहाली चाहती है, जिसके तहत वह शंकराचार्य (पहाड़ी) का नाम तख्त-ए-सुलेमानी रख (शेष पेज 2 पर)

# आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीतिः शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)। नई दिल्ली में आतंकवाद विरोधी सम्मेलन-2024 के उद्घाटन सत्र को गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। शाह ने साफ तौर पर कहा कि हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं।**

देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की सुरक्षा बनाए रखने के लिए अब तक 36,468 पुलिसकर्मी अपने प्राणों की आहुति दे चुके हैं। मैं आज उन सभी को सर्वोच्च बलिदान देने की उनकी भावना के लिए श्रद्धांजलि देना चाहता हूं और देश की ओर से उनके परिवारों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। शाह ने कहा कि पीएम मोदी के देश का प्रधानमंत्री बनने के 10 साल के अंदर भारत सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति अपनाई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के उनके नारे को आज न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। भारत के अंदर आतंकवाद से लड़ने का एक मजबूत इकोसिस्टम तैयार हो चुका है। हालाँकि, अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के आह्वान की दुनिया ने सराहना की है। वार्षिक सम्मेलन पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले मुद्दों और आतंकवाद से उत्पन्न होने वाले खतरों पर विचार-विमर्श के लिए परिचालन बलों, तकनीकी, कानूनी और फोरेंसिक विशेषज्ञों और आतंकवाद-रोधी एजेंसियों के लिए एक बैठक बिंदु के रूप में उभरा है। बयान में कहा गया है कि सम्मेलन का मुख्य फोकस संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण की भावना में आतंकवाद के खतरे के खिलाफ समन्वित कार्रवाई के लिए चैनल स्थापित करके विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल विकसित करना और भविष्य की नीति निर्माण के लिए ठोस इनपुट प्रस्तुत करना है। शाह ने कहा है कि सरकार देश में आतंकवाद और आतंकवादी तंत्र से लड़ने के लिए एक मजबूत आतंकवाद रोधी इकोसिस्टम खड़ा करने के लिए जल्द ही आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लेकर आयेगी। उन्होंने सभी राज्यों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने तथा पुलिस बलों को अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस करने तथा डाटा के जरिये आतंकवाद का मजबूती से मुकाबला करने का भी आह्वान किया। श्री शाह ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय जांच एजेन्सी (एनआईए) द्वारा आयोजित दो दिन के आतंकवाद रोधी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि सरकार आतंकवाद से लड़ने के लिए अगले कदम के रूप में जल्द ही आतंकवाद रोधी राष्ट्रीय योजना और रणनीति लेकर आ रही है। उन्होंने कहा कि टेररिज्म और टेररिज्म सिस्टम से लड़ने के लिए गृह मंत्रालय ने जो प्रोएक्टिव अप्रोच बनाया है उसमें हम एक अगला कदम लेकर आ रहे हैं। कुछ महीनो में नेशनल काउंटर टेररिज्म पॉलिसी एंड स्ट्रेटजी लेकर हम आएंगे जिसमें आप सब की भूमिका स्ट्रेटजी का दस्तावेज बनाने की होगी। उन्होंने कहा कि पुलिस राज्यों का विषय है तो लड़ना तो राज्यों को ही पड़ेगा लेकिन केन्द्र इसमें उनकी हर तरह से मदद करने के लिए तैयार है। राज्यों में पुलिस द्वारा प्रौद्योगिकी के अधिक से अधिक इस्तेमाल तथा प्रशिक्षण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जब तक हम हमारी पूरी फोर्स को तकनीक के उपयोग से प्रशिक्षित नहीं (शेष पेज 2 पर)



## खास-खबरें

### मोदी ने छठ पर्व के संध्या अर्घ्य की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को लोगों को छठ पर्व के संध्या अर्घ्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री मोदी ने इस अवसर पर शुभकामना संदेश में कहा कि छठ के संध्या अर्घ्य के पावन-पुनीत अवसर पर आप सभी को मेरी असीम शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा है कि सादगी, संयम, संकल्प और समर्पण का प्रतीक यह महापर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए। जय छठी मइया।

### ओआरओपी पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को श्रद्धांजलिः मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना को राष्ट्र की सेवा में जीवन समर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान के लिए श्रद्धांजलि करार देते हुए कहा कि सरकार सशस्त्र बलों को मजबूत बनाने और उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी। श्री मोदी ने ओ आर ओ पी लागू किये जाने के दस वर्ष पूरे होने के मौके पर गुरूवार को यह बात कही। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह हमारे पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान के लिए एक श्रद्धांजलि है, जो हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करते हैं।

### जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 370 पर बवाल के बीच बोलीं स्मृति

# जागृत भारत दुस्साहस को नहीं करेगा बर्दाश्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)। अनुच्छेद 370 के मुद्दे पर गुरुवार को जम्मू-कश्मीर विधानसभा में भारी हंगामा हुआ। विधायकों ने सदन में एक-दूसरे पर मुक्के बरसाकर हाथापाई की।**



अवामी इत्तेहाद पार्टी के विधायक और इंजीनियर राशिद के भाई खुर्शीद अहमद शेख द्वारा अनुच्छेद 370 पर एक बैनर प्रदर्शित करने के बाद अराजकता शुरू हुई। इसके बाद, एलओपी सुनील शर्मा ने बैनर प्रदर्शन पर आपत्ति जताई। अब इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी की स्मृति ईरानी ने गुरुवार को विपक्ष के इंडिया गुट पर निशाना साधा। स्मृति ईरानी ने कहा कि भारत के संविधान की कसमें खाते हुए, कल भारतीय संविधान का गला घोंटने का दुस्साहस इंडी अलायंस ने जम्मू-कश्मीर में किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के वो दृश्य जिसमें भारत के संविधान की धज्जियां उड़ाते हुए आदिवासी, दलितों और महिलाओं के अधिकारों का हनन करने का दुस्साहस कांग्रेस समर्थित इंडी अलायंस ने किया है। जागृत भारत उस दुस्साहस को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रस्ताव को कल इंडी अलायंस ने पारित किया है, उसके अंतर्गत वो जम्मू-कश्मीर में भारत के संविधान के खिलाफ एक नई जंग लड़ते हुए दिखाई (शेष पेज 2 पर)

### कुपवाड़ा में सेना के साथ मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर

**कुपवाड़ा (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर जिले के लोलाब के मार्गी इलाके में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो गया, जिसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से एक एके राइफल, दो हथगोले और चार एके राइफल मैगजीन बरामद की गई हैं।

# ट्रंप प्रशासन के साथ कोई गतिरोध नहीं आएगाः भारत

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने आज भरोसा जताया कि अमेरिका में निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के साथ व्यापार सीमा शुल्क एवं उत्प्रवासन जैसे मुद्दों पर कोई गतिरोध नहीं आएगा और परस्पर बातचीत से संतोषजनक समाधान निकल आएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में श्री ट्रंप के शासन काल में भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति और एच-1बी वीजा के बारे में पूछे जाने पर कहा, भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध काफी व्यापक हैं। पिछले साल 2023 में भारत और अमेरिका के बीच करीब 190 अरब डॉलर का व्यापार हुआ, जिसमें सामान और सेवाएं शामिल थीं। अमेरिका भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है, जहां तक एच-1बी का सवाल है, गतिशीलता और प्रवास साझेदारी हमारे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का एक (शेष पेज 2 पर)



# विज्ञापन के बाद भर्ती प्रक्रिया में नहीं किया जा सकता बदलाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि किसी पद के लिए विज्ञापन जारी होने के बाद भर्ती प्रक्रिया को बीच में नहीं बदला जा सकता।**



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की संविधान पीठ ने तेज प्रकाश पाठक बनाम राजस्थान उच्च न्यायालय मामले में यह फैसला सुनाते हुए कहा कि उम्मीदवारों को आश्चर्य चकित करने के लिए नियमों को नहीं बदला जा सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया के शुरू में अधिसूचित चयन सूची में रखे जाने के लिए पात्रता मानदंड को बीच में नहीं बदला जा सकता, जब तक कि मौजूदा नियम या विज्ञापन (जो मौजूदा नियमों के विपरीत न हो) इसकी अनुमति न दे।

# व्यवसाय विरोधी नहीं, कारोबार में एकाधिकारवाद के खिलाफ हूं : राहुल

**नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा है भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें व्यवसाय विरोधी करार देना का प्रयास कर रही है लेकिन सच यह है कि वह कारोबार नहीं बल्कि व्यवसाय में एकाधिकारवाद के खिलाफ हैं।**



श्री गांधी ने आज वीडियो संदेश में कहा कि भाजपा ने मुझे व्यवसाय विरोधी के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है लेकिन मैं साफ बता देना चाहता हूं कि मैं बिजनेस विरोधी नहीं हूं बल्कि बिजनेस में एकाधिकारवाद के खिलाफ हूं। मैं उस नीति का विरोधी हूं जिसमें एक दो तीन चार पांच लोग ही पूरी तरह से कारोबार पर प्रभावी रहें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मैं नौकरियों का समर्थक हूं, व्यवसाय का समर्थक हूं, नवप्रवर्तन का समर्थक हूं, प्रतिस्पर्धा का समर्थक हूं लेकिन मैं एकाधिकार विरोधी हूं।

# अंबेडकर का कांग्रेस ने किया अपमान, राहुल नहीं करते संविधान का सम्मानः रिजिजू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राहुल गांधी द्वारा नागपुर में संविधान सम्मेलन आयोजित करने पर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे राहुल गांधी द्वारा नागपुर में संविधान सम्मेलन आयोजित करने पर आपत्ति है, जबकि वह संविधान का सम्मान नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर और संविधान का अपमान करने के बाद कांग्रेस को उनके बारे में बात करने का कोई अधिकार नहीं है। संविधान के जनक के रूप में जाने जाने वाले डॉ. अंबेडकर ने संविधान बनाने वाली मसौदा समिति का नेतृत्व किया। इससे पहले, बुधवार को, गांधी ने महाराष्ट्र के नागपुर शहर में चुनावी सभा में लाल कवर के साथ संविधान की एक पतली प्रति ली थी। गांधी की आलोचना करते हुए भाजपा नेता और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने कहा,गांधी एक हाथ में संविधान रखते हैं और दूसरे हाथ से अराजकता को बढ़ावा देते हैं। वह शहरी नक्सलियों और अराजकतावादियों से प्रभावित हैं जो कांग्रेस को कट्टरपंथी एजेंडे की ओर धकेल रहे हैं। राजनीति में लाल रंग को अक्सर मार्क्सवादी या कम्युनिस्ट विचारधारा से जोड़ा जाता है। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रमुख नाना पटोले ने पलटवार करते हुए कहा कि भगवा पार्टी परेशान थी क्योंकि गांधी ने अपना कार्यक्रम नागपुर में भाजपा के गढ़ के पास आयोजित किया था।



# शाहरुख खान को धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले से पुलिस ने फिल्म अभिनेता शाहरुख खान को धमकी देने के मामले में आरोपी फैजान खान को गुरुवार को पंडरी थाना इलाके से गिरफ्तार किया। मुम्बई पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) के अनुसार बांद्रा पुलिस स्टेशन में एक अज्ञात कॉलर का कॉल आया था जिसमें धमकी देते हुए कॉलर ने कहा कि बैंड स्टैंड वाले शाहरुख खान को मार दूंगा। कॉलर ने कहा कि अगर उसे 50 लाख नहीं दिए गए तो वो उन्हें जान से मार देगा। जब कॉलर से उसका नाम पूछा गया तो जवाब मिला मेरे लिए ये मैटर नहीं करता, मेरा नाम हिंदुस्तानी है। जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस के तीन अफसर मोबाइल की लोकेशन ट्रैक करते हुए रायपुर पहुंचे हैं। बुधवार की रात वे रायपुर के होटल पर रुके हुए थे।

**स्पेशल खबर** *जयशंकर की प्रेस कॉन्फ्रेंस से बौखलाया कनाडा*

# टेलीकास्ट के बाद ऑस्ट्रेलियाई चैनल को किया बैन

**नई दिल्ली (एजेंसी)। कनाडा में हाल ही में हिंदू मंदिर पर हमले और हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने के बाद भारत ने कनाडा सरकार के एक और कदम पर सवाल उठाए हैं। इस बार कनाडा ने ऑस्ट्रेलियाई मीडिया संस्थान ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है।**

यह कार्रवाई उस वक्त हुई जब भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस हो रही थी। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और पेनी वोंग के बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद कनाडा ने ऑस्ट्रेलियाई चैनल ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया पेज को ब्लॉक कर दिया। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एस जयशंकर ने कनाडा पर आरोप लगाया था कि वह बिना किसी ठोस सबूत के भारत पर झूठे आरोप लगा रहा है। इसके तुरंत बाद ही कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इस कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कनाडा का यह कदम चौंकाने वाला है। उन्होंने कहा कि यह कनाडा के पाखंड को उजागर करता है। उन्होंने आगे कहा कि इस कार्रवाई से साफ पता चलता है कि कनाडा ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नजरअंदाज किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इन घटनाओं के बाद यह समझा जा सकता है कि कनाडा ने ऑस्ट्रेलिया टुडे चैनल को क्यों ब्लॉक किया।



यह घटना कनाडा के ब्रैम्पटन में स्थित हिंदू मंदिर पर हुए हमले के वीडियो के सामने आने के बाद हुई। इस हमले की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके कनाडाई समकक्ष जस्टिन ट्रूडो ने निंदा की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह कार्रवाई एक महत्वपूर्ण मीडिया संस्थान के सोशल मीडिया हैंडल को ब्लॉक करने के बाद की गई।